Name ..............................Roll No.................................KPSI

# वार्षिक परीक्षा-2023

समय-2.30 घण्टे कक्षा-VII पूर्णांक-100

## विषय-विज्ञान

नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित में सही विकल्प चुनकर लिखिए। 3x5=15

(क) मुनष्य में प्रमुख उत्सर्जी अंग है -

(अ) आमाशय (ब) वृक्क

(स) फेफड़ा (द) यकृत

(ख) कीटभक्षी पौधे सामान्यतः उन स्थानों पर मिलते है जहाँ की भूमि में कमी होती है-

(अ) आक्सीजन की (ब) जल की

(स) नाइट्रोजन की (द) कार्बन की

(ग) रक्त का लाल रंग किस वर्णक के कारण होता है -

(अ) आक्सीजन (ब) कार्बन डाई आक्साइड

(स) लाल रंग (द) हीमोग्लोबिन

(घ) अजुबा अपने किस भाग द्वारा जनन कहता है -

(अ) तना (ब) पत्ती

(स) जड़ (द) पुष्प

(ङ) मलेरिया की दवा किस पौधें से प्राप्त होती है -

(अ) नीम (ब) सिनकोना

(स) कपास (द) सर्वगंधा

2. निम्न कथनों में सही सामने सही ( ✓ ) तथा गलत के सामने ( ✗ ) का चिन्ह लगाइए। 15

(क) रेशम के कीड़े शहतूत के पेड़ पर पाले जाते हैं। ( )

(ख) प्लेग संक्रामक रोग नहीं है। ( )

(ग) पुष्प के सभी भाग पुष्पासन पर टिके होते हैं। ( )

(घ) मनुष्य में प्रमुख उत्सर्जी पदार्थ अमीनो अम्ल होता है। ( )

(ङ) रूधिर वर्गों से रूधिर आधान में सहायता मिलती है। ( )

P.T.O.

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - 15

(क) पौधों में भोजन के संवहन के लिए .......... नामक ऊतक होते हैं।

(ख) काकरोच ..........द्वारा श्वसन करता है।

(ग) अमीबा अपने भोजन को .......... के द्वारा पकड़ता है।

(घ) पृथ्वी द्वारा किसी वस्तु पर लगाये गये बल को .......... बल कहते है।

(ङ) ऊर्जा का प्राथमिक श्रोत ..........होता है।

4. स्तम्भ-क का स्तम्भ-ख से मिलान कीजिए - 15

| स्तम्भ-क | स्तम्भ-ख |
|---|---|
| (क) अपश्रव्य | 1. स्पाइरोगाइरा |
| (ख) पेचिस | 2. कुनैन |
| (ग) खण्डन | 3. वाष्पोत्सर्जन |
| (घ) सिनकोना | 4. भूकम्प से उत्पन्न ध्वनि |
| (ङ) रन्ध्र | 5. अण्ट अमीबा |

5. निम्न में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 20

(क) हरे पौधे में प्रकाश-संश्लेषण प्रक्रिया का वर्णन करो।

(ख) मछली किस प्रकार श्वसन करती है, सचित्र वर्णन कीजिए।

(ग) संचारी तथा असंचारी रोग से आप क्या समझते हैं?

(घ) राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का क्या योगदान है?

(ङ) रेल की पटरी जोड़ते समय उनके बीच थोड़ी जगह क्यों छोड़ते हैं?

6. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 20

(क) सूचक किसे कहते हैं? किन्हीं दो सूचक के नाम बताइए तथा अम्ल एवं क्षारक का इन पर क्या प्रभाव पड़ता है लिखिए?

(ख) किसी कीटभक्षी पौधे का सचित्र वर्णन कीजिए।

(ग) मानव के श्वसन अंगों का सचित्र वर्णन कीजिए।

❖❖❖